पुलिस कर्मी व होमगार्ड की सतर्कता से दुकान में चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया चोर

अभियुक्त को चोरी किये हुए पैसों सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल।

अभियुक्त कुछ दिन पूर्व में ही चोरी के मामले में जेल से बाहर आया था

दिनाँक- 14.05.2024 को कोतवाली पिथौरागढ़ से का0 राजेन्द्र सिंह व होमगार्ड कृपाल सिंह की गाँधी चौक क्षेत्र में रात्रि गश्त ड्यूटी लगी हुई थी। गश्त के दौरान रात्रि करीब 01:40 बजे, गाँधी चौक स्थित जाली लगी हुई फलों की दुकान में एक संदिग्ध व्यक्ति को घुसते हुए देखा। पुलिस कर्मी ने मोबाइल गश्त पार्टी/ रात्रिअधिकारी को सूचना दी तथा उक्त दुकान को घेरे हुए रखा। उ0नि0 बसन्त पन्त मय टीम हे0 का0 हरिओम शर्मा, का0 चालक कुशल सिंह मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को दुकान से चोरी करते हुए दबोच लिया तथा उसके जेब से चोरी किये हुए पैसे भी बरामद किये। उक्त व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम जगदीश शर्मा उर्फ हेलमेट पुत्र देवदत्त शर्मा उम्र- 21 वर्ष, निवासी- ग्राम सलकोट चण्डाक, हाल निवासी पाण्डेगाँव थाना व जिला पिथौरागढ़ बताया। तथा बताया कि वह दिनांक 08.05.2024 को जेल से बाहर आया हुआ था, उसके पास शराब पीने के लिये पैसे नही थे इसलिये वह चोरी कर रहा था। पुलिस टीम द्वारा जगदीश शर्मा उपरोक्त को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कोतवाली पिथौरागढ़ में धारा 380/457/411 भा.द.वि. के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस कर्मियों की सतर्कता से चोर रंगे हाथ पकड़ा गया जिसका स्थानीय व्यापार मण्डल पदाधिकारियों व आम जनता द्वारा सराहना की गयी। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।